हिंदी दिवस/राजभाषा पखवाड़ा-2016

कार्पोरेशन में राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देने और कर्मचारियों में जागरूकता उत्पन्न करने के उद्देश्य से एसटीसी मुख्यालय, नई दिल्ली में 01 से 15 सितंबर 2016 के दौरान राजभाषा पखवाड़ा आयोजित किया गया। इस दौरान विभिन्न हिंदी प्रतियोगिताएँ एवं कार्यक्रम संचालित किए गए, जिनके विवरण इस प्रकार हैं -

- राजभाषा पखवाड़े का शुभारंभ 01 सितंबर 2016 को **उद्घाटन समारोह** से हुआ। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता माननीय अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री खलील रहीम ने की। इनके अलावा निदेशक (कार्मिक), श्री संजीव कुमार शर्मा; निदेशक (विपणन), श्री एस॰के॰ गुप्ता; कार्पोरेशन के वरिष्ठ पदाधिकारी तथा अन्य अधिकारियों/कर्मचारियों ने इस कार्यक्रम में शिरकत की। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय से उप निदेशक (राजभाषा), श्रीमती संतोष शिल्पोकर ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ायी। इस दौरान राजभाषा कार्यान्वयन में श्रेष्ठ योगदान करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों को अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक द्वारा विशेष प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किए गए। उद्घाटन समारोह के सुअवसर पर **काव्य गोष्ठी** भी आयोजित की गई, जिसमें श्री महेंद्र शर्मा (हास्य-व्यंग्य कवि), श्री सुरेश कुमार शर्मा (गीतकार) तथा श्री सरफ नानपारवी (ग़ज़लकार) ने अपनी रोचक रचनाओं के माध्यम से दर्शकों को काफी प्रभावित किया।

- दिनांक 02 सितम्बर को **'हिंदी निबंध-लेखन प्रतियोगिता'** का आयोजन किया गया जिसमें कुल 30 कर्मचारियों ने भाग लिया। डॉ॰ प्रताप अनम इस प्रतियोगिता के निर्णायक रहे। प्रतियोगिता के लिए चुने गए निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर निबंध लिखने का विकल्प दिया गया -

  (क) राष्ट्र हित में राजभाषा हिंदी की भूमिका
  (ख) स्वच्छ भारत, समृद्ध भारत
  (ग) सामाजिक सद्भाव, जीवन का आधार

- 05 सितम्बर को हिंदी साहित्य के भक्तिकाल के प्रसिद्ध कवि संत कबीरदास पर व्याख्यान रखा गया। इस व्याख्यान के लिए जामिया मिलिया इस्लामिया विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग से प्रो॰ के॰के॰ कौशिक को वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया। विद्वान वक्ता ने कबीरदास के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए कर्मचारियों का ज्ञानवर्धन किया।

- 06 सितंबर को पूर्वाह्न सत्र में **'हिंदी आशुभाषण प्रतियोगिता'** का आयोजन किया गया जिसमें कर्मचारियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। इस प्रतियोगिता के लिए डॉ॰ पुष्पेंद्र कुमार शर्मा, उप महाप्रबंधक (राजभाषा), एनबीसीसी और श्री भास्कर मिश्र, सहायक निदेशक (राजभाषा), वाणिज्य विभाग, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय को निर्णायक के रूप में आमंत्रित किया गया। अपराह्न सत्र में **'हिंदी कविता-पाठ प्रतियोगिता'** का आयोजन किया गया जिसमें कर्मचारियों ने रोचक प्रस्तुतियाँ दीं। इसके लिए डॉ॰ मीनू गुप्ता, अपर महाप्रबंधक (राजभाषा), पावर फाइनेंस कार्पोरेशन और श्री शिवकुमार बिलगरामी, अधिकारी, संसद भवन को बतौर निर्णायक आमंत्रित किया गया।

- 07 सितंबर को पूर्वाहन सत्र में **'हिंदी टिप्पण एवं आलेखन प्रतियोगिता'** का आयोजन किया गया जिसमें कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस प्रतियोगिता के लिए श्री राजेश कुमार माझी, हिंदी अधिकारी, जामिया मिलिया इस्लामिया विश्वविद्यालय को निर्णायक के रूप में आमंत्रित किया गया। अपराहन सत्र में **'हिंदी भाषा के सामान्य प्रयोग में अशुद्धियाँ एवं उनका निराकरण'** विषय पर व्याख्यान आयोजन किया गया, जिसके लिए दिल्ली विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग से प्रो॰ पूरन चंद टंडन को आमंत्रित किया गया।

- 08 सितम्बर को **'हिंदी कार्यशाला'** का आयोजन किया गया जिसमें राजभाषा नीति के विभिन्न पहलुओं तथा इसके व्यवहारिक पक्षों के संबंध में कर्मचारियों का ज्ञानवर्धन किया गया। इसके लिए श्री प्रेम सिंह, संयुक्त निदेशक (राजभाषा), से॰नि॰ को अतिथि वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया।

- 09 सितम्बर को **'प्रश्नमंच'** कार्यक्रम आयाजित किया गया जिसमें बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम के लिए श्रेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय, नई दिल्ली-1 से श्री प्रमोद कुमार शर्मा, उप निदेशक तथा संसदीय राजभाषा समिति से श्री दिलबाग सिंह, अनुसंधान अधिकारी को निर्णायक के रूप में आमंत्रित किया गया।

- 14 सितम्बर को **'हिंदी दिवस'** के अवसर पर 'समापन समारोह' एवं 'पुरस्कार वितरण' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस सुअवसर पर कर्मचारियों के बच्चों के लिए रंगारंग कार्यक्रम संचालित किया गया जिसमें अनेक बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस कार्यक्रम के लिए वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग से डॉ॰ धमेंद्र कुमार, सहायक निदेशक तथा श्री अशोक अग्रवाल को निर्णायक के रूप में आमंत्रित किया गया। हिंदी दिवस के अवसर पर माननीय गृहमंत्री के संदेश का वाचन भी किया गया। तदंतर, श्रेष्ठ राजभाषा कार्यान्वयन के लिए शाखा कार्यालयों व प्रभागों को पुरस्कृत किया गया। साथ ही विभिन्न हिंदी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए।

- 15 सितम्बर को मुख्यालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित की गयी, जिसमें राजभाषा कार्यान्वयन संबंधी विभिन्न विषयों विचार-विमर्श कर निर्णय लिए गए।

इस प्रकार हिंदी दिवस एव राजभाषा पखवाड़े का भव्य आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न किया गया।

-oOo-